कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक फर्रुखाबाद।

पत्रांक / वि०क्लब / 3580-82 2020–21 / दिनांकः 29-9-2021

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या,
समस्त राजकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त / वित्तविहीन मान्यता प्राप्त
माध्यमिक विद्यालय(समस्त बोर्ड) फर्रुखाबाद।

विज्ञान भारती, विज्ञान प्रसार व राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद (NCERT) द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थी विज्ञान मंथन में मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 11 तक सभी बोर्ड के विद्यार्थी www.vvm.org.in पर पंजीकरण कर सम्मिलित हो सकते हैं । परीक्षार्थी को 30 नवंबर और / या 05 दिसंबर, 2021 को सुबह 10 बजे से शाम 08 बजे तक (90 मिनट) परीक्षा में शामिल होना होगा । 20 दिसंबर को परिणाम घोषित किया जाएगा।
उत्तर प्रदेश के कुल 240 विद्यार्थियों को प्रदेश स्तरीय शिविर में सहभागिता का अवसर मिलेगा। 36 विजेताओं को ₹5000 ₹3000 वह ₹2000 के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। 24 विजयी विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के शिविर में जाएँगे। प्रत्येक प्रतिभागी को जनपद स्तरीय प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रतिभागियों को 90 मिनट में 100 सवालों के जवाब देने होंगे। अधिकतर प्रश्न एप्लीकेशन बेस्ड होंगे, परीक्षा ओपन बुक सिस्टम में रहेगी पंजीकरण शुल्क ₹100 निर्धारित किया गया है।
विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2021–22 संस्करण में भाग लेने वाले बच्चों को विशेष अवसर प्रदान करेगा। जिसमें प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप (1 से 3 सप्ताह) राष्ट्रीय (हिमालयी) और क्षेत्रीय विजेताओं को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशाला या डीआरडीओ, इसरो, सीएसआईआर, बीएआरसी आदि जैसे प्रमुख शोध संस्थान में से किसी एक में अवसर मिलेगा ।(COVID19 स्थिति के अधीन) , साथ ही साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन रुपये 2000/– प्रति माह की भास्कर छात्रवृत्ति शुरू कर रहा है। एक वर्ष के लिए राष्ट्रीय विजेता (हिमालयी) को एक विशिष्ट परियोजना / गतिविधि सौंपी जाएगी । जिनका समय समय पर, मूल्यांकन किया जाएगा ।

अतः आप सभी अपने विद्यालय के कक्षा 6 से 11 तक कम से कम 10 विद्यार्थियों का पंजीकरण अनिवार्य रूप उक्त बेवसाइट पर अन्तिम दिनांक 31.10.2020 तक कराया जाना सुनिश्चित करें। अधिकतम जानकारी हेतु श्री महेश चन्द्र उपाध्याय, जिला समन्वयक, विद्यार्थी विज्ञान मंथन फर्रुखाबाद के मो0 **9450419923, 8471041939** पर सम्पर्क कर सकते है।

29/09/2021

(डा0 आदर्श कुमार त्रिपाठी)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
फर्रुखाबाद।

पृष्ठांकन / वि०क्लब / /2021–22 / तद्दिनांकः

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. जिला समन्वयक, विद्यार्थी विज्ञान मंथन, फर्रुखाबाद।
2. सचिव विज्ञान भारती फर्रुखाबाद

जिला विद्यालय निरीक्षक,
फर्रुखाबाद।